**GOVERNMENT OF RAJASTHAN**

MAA JALPA DEVI GOVERNMENT COLLEGE,

TARANAGAR (CHURU) RAJASTHAN 331304

Website: hte.rajasthan.gov.in/college/gctaranagar Email:-mjdtaranagar@gmail.com Ph. No:-01561-241607

# प्रभात फेरी प्रतिवेदन

महाविद्यालय में समय–समय पर विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों के तहत् अनेक गतिविधियों का आयोजन किया जाता है। प्रभात फेरी इनमें से एक प्रभावी गतिविधि है। महाविद्यालय में निम्नलिखित अवसरों पर प्रभात फेरी का आयोजन किया गया–

1. महात्मा गांधी जयंती (प्रभात फेरी)

   आयोजन दिनांक 24.09.2019

   आयोजन स्थल– महाविद्यालय मुख्य द्वार से वार्ड नम्बर 16 तारानगर

   प्रतिभागियों की संख्या– 75

   प्रभारी अधिकारी – डॉ सरिता

   डॉ. छगनदान

संक्षिप्त विवरण–

महात्मा गांधी जी की 150 वीं जयन्ती के अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों द्वारा दिनांक 24 सितम्बर 2019 को प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभात फेरी महाविद्यालय के मुख्य द्वार से रवाना होकर गोद ली गई बस्ती सात्यु सर्किल बस्ती से होते हुए वार्ड नम्बर 16 तक आयोजित हुई, जिसमें गांधी जी के प्रिय भजनों के साथ–साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत का गायन किया गया। साथ ही भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के महापुरूषों के स्लोगन के बैनर और पट्टियाँ साथ में लेकर महापुरूषों के जयकारे लगाते हुए आगे बढे। प्रभात फेरी में राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारियों के निर्देषन में स्वयंसेवको ने उत्साह से भाग लिया।

2. विष्व एड्स दिवस

   आयोजन दिनांक 01.12.2023

   आयोजन स्थल– महाविद्यालय मुख्य द्वारा से मुख्य बाजार तक

   प्रतिभगियों की संख्या– 43


   प्रभारी अधिकारी – डॉ सरिता

   डॉ. छगनदान

गतिविधि का विवरण–

विश्व एड्स दिवस के अवसर पर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों द्वारा एड्स के प्रति जन जागरूकता के उद्येष्य से प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। प्रभारी अधिकारियों के निर्देषन में स्वयंसेवक महाविद्यालय के मुख्य द्वार से लेकर तारानगर कस्बे के मुख्य बाजार तक एड्स के प्रति जागरूकता पैदा करने वाली पट्टिया और बैनर लेकर नारे लगाते हुए आगे बढे। इस गतिविधि में स्वयंसेवकों ने बढ–चढकर भाग लिए।

## Related Letters and Orders



राजस्थान सरकार

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर

कमांक: एफ8(बैठक)एनएसएस/19/378 दिनांक: 19-9-19

प्राचार्य
समस्त राजकीय/निजी महाविद्यालय,
(एनएसएस से संबंधित)
राजस्थान ।

विषय: महात्मा गांधी जी की 150वीं जंयती उपलक्ष में दिनांक 24.09.2018 से 08.10.2019 तक का पखवाड़ा मनाये जाने बाबत।

महोदय,

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वर्ण जंयती वर्ष एवं महात्मा गांधी जी की 150वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष मनाये जाने वाले पखवाड़े का शुभारंभ हेतु प्रदेश की सभी इकाइयों को दिनांक 24.09.2019 से 08.10.2019 तक का पखवाड़ा मनाया जाए जिसमें निम्नानुसार कार्यक्रम आयोजित किये जाए :–

1. दिनांक 24.09.2019 को सभी इकाइयां स्वयंसेवकों के साथ एक रैली/प्रभात फेरी आयोजन शहर/कस्बे के मुख्य बाजारों से होते हुए करेगी। रैली/प्रभात फेरी में महात्मा गांधी के प्रिया भजनों यथा "रघुपति राघव राजा राम", "वैष्णव जस तो तेने कहिए" आदि के साथ–साथ राष्ट्रीय सेवा योजना के गीतों का गायन भी सुनिश्चित करें।
2. सभी इकाइयां रैली/प्रभात फेरी में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन के महापुरूषों के स्लोगन और श्रम की प्रतिष्ठा से संबंधित स्लोगन के बैनर व पट्टियां तैयार कर स्वयंसेवक उनको साथ लेकर चलेंगे। इसके साथ ही सभी इकाइयां रैली/प्रभात फेरी में भारतीय महापुरूषों के जयकारे लगाना भी सुनिश्चित करें।

सभी इकाइयों को यह निर्देशित किया जाता है कि वे दिनांक 24.09.2019 से दिनांक 08.10.2019 के पखवाडे की गतिविधियों को सपंन्न कराना सुनिश्चित करेंगी तथा इसकी समेकित रिपोर्ट दिनांक 13.10.2019 तक राज्य संपर्क अधिकारी शिक्षा (ग्रुप –4अ) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर, राज्य समन्वयक, एनएसएस, आयुक्तालय एवं क्षेत्रीय निदेशक (युवा) को भिजवाया जाना सुनिश्चित करें।

(प्रदीप कुमार बोरड़,IAS)
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ठ शासन सचिव, उच्च शिक्षा

कमांक: एफ8(बैठक)एनएसएस/19/378 दिनांक: 19-9-19

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है–

1. निजी सचिव, आयुक्त, आयुक्तालय कालेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर।
2. क्षेत्रीय निदेशक, राष्ट्रीय सेवा योजना, क्षेत्रीय निदेशालय बी – 7, देव नगर, टोंक नगर, जयपुर।
3. राज्य संपर्क अधिकारी शिक्षा (ग्रुप –4अ) विभाग, राजस्थान, जयपुर।
4. वेबसाईट प्रभारी, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा, राजस्थान, जयपुर अपलोड करने का श्रम करें।

संयुक्त निदेशक, अकादमिक

राजस्थान सरकार

## आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान जयपुर

क्रमांक :प.8(सा.प्रो.)अकाद / आकाशि / 18 / 395 दिनांक 18-9-2019

समस्त प्राचार्य,
राजकीय / निजी महाविद्यालय,
राजस्थान।

### राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 150वी जयन्ती वर्ष में महाविद्यालयों में मनाए जाने वाले कार्यक्रमों की कार्य योजना

| क्र० सं० | विषय | कार्यक्रम | समयावधि तथा कार्यक्रम विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | स्वच्छता अभियान | "स्वच्छता अभियान" के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु महाविद्यालयों में वर्तमान संचालित कार्यक्रमों का सुदृढीकरण । | सत्र पर्यन्त प्रत्येक सप्ताह के शुक्रवार को एक घंटे महाविद्यालय में "स्वच्छता अभियान" चलाया जायेगा। |
| 2. | निबन्ध प्रतियोगिता | निबंध विषय :<br>1. " भारत छोडो आन्दोलन"<br>2. "महात्मा गांधी अतीत ही नही भविष्य भी है" | सभी राजकीय महाविद्यालयों में 25 सितंबर, 2019 में " भारत छोडो आन्दोलन" विषय पर तथा 29 सितंबर, 2019 में "महात्मा गांधी अतीत ही नहीं भविष्य भी है" निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। |
| 3. | वाद – विवाद प्रतियोगिता | "सामाजिक समरसता और गाँधी" विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन | सभी राजकीय महाविद्यालयों में सितम्बर माह में " सामाजिक समरसता और गांधी " विषय पर वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा। |
| 4. | 2 अक्टूबर को रक्तदान शिविर, अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस एवं महात्मा गाधी जी से संबंधित साहित्य संग्रह स्थल स्थापित करना | राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी जी की 150वी जयन्ती वर्ष के उपलक्ष पर 02.10.2019 को राज्य के महाविद्यालयों में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन। 2 अक्टूबर 2020 को अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस पर प्रभात फेरी, रैलियों के माध्यम आवश्यकता विशेष एवं स्वच्छता सम्बंधी गांधी जी की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने की दृष्टि से उक्त कार्यक्रम अभियान प्रारम्भ किया जाना है। | 2 अक्टूबर 2019 को रक्तदान शिविर एवं अन्तर्राष्ट्रीय अहिंसा दिवस के उपलक्ष में गांधी विचार दर्शन सप्ताह के रूप में मनाया जावेगा जिसमे प्रभात फेरी एवं रैलियों के माध्यम से सद्भावना के संदेश को जन जन तक पहुँचाने संबंधित क्रियान्वयन किया जाना है। |
| [illegible] | आर्थिक असमानता | छात्रों को आर्थिक असमानता से अवगत तथा जागरूक करना। | माह के प्रत्येक शुक्रवार को छात्रों को आदिवासियों, मजदूरों, किसानों की समस्याओं से अवगत कराना। |
| [illegible] | मानवाधिकार | मानवाधिकार दिवस आयोजन | 10 दिसम्बर 2019 को छात्रों को मानवाधिकार संबंधी विस्तृत जानकारी प्रदान करना। |
| [illegible] | शहीद दिवस | 30 जनवरी 2020 को शहीद दिवस मनाना। | सभी राजकीय महाविद्यालयों में 30 जनवरी 2020 को शहीद दिवस के रूप में मनाना, यथा- एक धुन, गोष्ठीजी द्वारा गाये जाने वाले भजनों का आयोजन एवं इसके पश्चात 2 मिनट का मौन धारण करवाया जायेगा। |

समस्त प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, राजस्थान को यह निर्देशित किया जाता है कि उक्त के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करें।

(प्रदीप कुमार बोरड़ IAS)
आयुक्त, कॉलेज शिक्षा एवं
विशिष्ट शासन सचिव, उच्च शिक्षा

क्रमांक :प.8(सा.प्रो.)अकाद / आकाशि / 18 / 395 दिनांक 18-9-2019

प्रतिलिपि – सूचनार्थ / पालनार्थ
1. शासन सचिव, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
2. शासन उपसचिव, उच्च शिक्षा (ग्रुप –4) विभाग, शासन सचिवालय, राजस्थान, जयपुर।
3. निजी सचिव आयुक्त, आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान जयपुर।
4. वेब साईट प्रभारी, आयुक्तालय को अपलोड करने हेतु।

18/9/19
(डॉ० आर०सी० मीणा)
संयुक्त निदेशक, अकादमिक

माँ जालपा देवी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, तारानगर

दिनांक– 20.09.2019

# सूचना

## (राष्ट्रीय सेवा योजना)

राष्ट्रीय सेवा योजना के समस्त स्वयंसेवकों को सूचित किया जाता है कि महात्मा गांधी जी की 150 वीं जंयती के उपलक्ष में दिनांक 24.09.2019 से 08.10.2019 तक महाविद्यालय में पखवाड़ा मनाया जायेगा, जिसमें दिनांक 24.09.2019 को स्वयंसेवको की एक रैली/प्रभात फेरी आयोजित होगी। अतः समस्त स्वयंसेवक इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति सुनिशिचित करें।

कार्यक्रम अधिकारी
इकाई प्रथम–

कार्यक्रम अधिकारी
इकाई द्वितीय –

प्राचार्य 20/9/2019
राजकीय महाविद्यालय
तारानगर

Maa Jalpa Devi Government College • Taranagar (Churu) • Verified

माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय, तारानगर

दिनांक–30.11.2023

## (राष्ट्रीय सेवा योजना)

## सूचना

महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की **इकाई प्रथम एवं इकाई द्वितीय** के समस्त स्वयंसेवकों को सूचित किया जाता है कि **दिनांक 01.12.2023 को प्रातः 11.00 बजे विश्व एड्स दिवस** मनाया जायेगा, जिसके तहत एड्स जागरूकता रैली निकाली जाएगी। समस्त स्वयंसेवक निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होवें।

30/11/2023
कार्यक्रम अधिकारी
इकाई प्रथम

30/11/2023
कार्यक्रम अधिकारी
इकाई द्वितीय

कार्यवाहक प्राचार्य
माँ जालपा देवी राजकीय महाविद्यालय
तारानगर

Photos-

izHkkr Qsjh egkfo|ky; ls jokuk gksrs gq;s






प्रभात फेरी सांत्यू सर्किल के पास से गुजरते हुए



# Thanks